वीर हनुमाना राम का दीवाना हनुमान जी भजन लिरिक्स

छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना,
वीर हनुमाना राम का दीवाना,
राम का दीवाना,
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना।bd।

तर्ज – गोरे गोरे मुखड़े पे।

दिन देखे ना रात ये,
फेरे माला राम की,
ना परवाह किस काम की,
परवाह अपने राम की,
राम की लगन में हैं मगन बड़े,
राम की शरण मे हैं अटल खड़े,
राम गुण गाये हर पल,
झूमे है दीवाना,
झूमे है दीवाना,
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना।bd।

बचपन की एक बात है,
जब छोटे से लाल थे,
सूरज निगल गए मुहं में,
ऐसे अंजनी लाल थे,
देवो ने जब विनती करी,
तब बाला को समझ परी,
मन से ये भोले तन से,
वीर बलवाना,
वीर बलवाना,
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना।bd।

दुष्टों के ये काल हैं,
संतन के प्रतिपाल हैं,
रावण का भ्रम तोड़कर,
बने राम रखवाल हैं,
रामजी का नाम लिए गरजे बली,
काट डाले फंद सब वीर बली,
भूत प्रेत ढूंढे डरकर,
अंजनी का दिवाना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अपना ठिकाना,
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना।bd।

छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना,
वीर हनुमाना राम का दीवाना,
राम का दीवाना,
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना।bd।

गायक / प्रेषक – मुकेश कुमार मीना।
9660159589

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com